

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

गुरुवार 05 फ़रवरी 2026 बर्ष 02 अंक 131 पृष्ठ 4

www.keshavtv24.com

www.keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

लोग चाहते हैं कि मैं बेहतर करूं, लेकिन वो कभी नहीं चाहते कि मैं उनसे बेहतर करूं ।

## गंगटी उच्च विद्यालय में 28.32 लाख की लागत से दो मंजिला भवन का उद्घाटन, गांव में 5 लाख की पीसीसी सड़क का भी लोकार्पण

*अनुमंडल संवाददाता, राजगीर, राजीव लोचन की रिपोर्ट।*

केशववाणी । बिहारशरीफ (नालंदा)। राजगीर (नालंदा)। सरदार वल्लभभाई पटेल उच्च विद्यालय, गंगटी में 28 लाख 32 हजार रुपये की लागत से निर्मित दो मंजिला भवन का उद्घाटन किया गया। साथ ही गंगटी गांव में 5 लाख रुपये की लागत से बनी पीसीसी ढलाई (सड़क) का भी लोकार्पण किया गया। उद्घाटन समारोह में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि शिक्षा के बिना मानव जीवन अधूरा है। शिक्षा एक अनमोल रत्न है, जिसे कोई न तो छीन सकता है और न ही नष्ट कर सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से बिहार के विद्यालयों में विषयवार शिक्षक, पर्याप्त कमरे, बरामदा, शौचालय, लाइब्रेरी सहित सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि बिहार विकास की दिशा में निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। राज्य के हर क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। साथ ही बिहार राज्य पथ परिवहन की बस सेवाओं का विस्तार भी किया जा रहा है, ताकि आम लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा मिल सके।

इस अवसर पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पटेल, पूर्व मुखिया संतोष कुमार, सुधीर कुमार, दिनेश कुमार, लक्ष्मी प्रसाद, अनिल पासवान, रामोरवेश केवट सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## 10 फरवरी से शुरू होगा फाइलेरिया उन्मूलन महाअभियान डीएम ने एमडीए कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की

शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट। केशववाणी । बिहार शरीफ, नालंदा। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आज फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 10 फरवरी 2026 से प्रारंभ होने वाले एमडीए (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) अभियान की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।




नेशनल हेल्थ मिशन एवं स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के दिशा–निर्देशों के आलोक में यह अभियान नालंदा जिले के 11 प्रखंडों कृ बिहारशरीफ शहरी क्षेत्र, बिंद, चंडी, एकंगरसराय, इस्लामपुर, नूरसराय, परवलपुर, रहुई, सरमेरा, सिलाव एवं थरथरी कृ में संचा. लित किया जाएगा।

समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि अभियान के दौरान फाइलेरिया की दवा का घर–घर वितरण करने के साथ–साथ लोगों को दवा का सेवन भी सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि यदि भ्रमण के समय कोई व्यक्ति घर पर उपलब्ध नहीं मिले तो शाम में पुनः घर जाकर दवा खिलाई जाए।

जिला वेक्टर बोर्न डिजीज नियंत्रण पदाधिकारी ने बताया कि दवा का सेवन केवल दो वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों द्वारा किया जाएगा। दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को दवा नहीं दी जाएगी। सभी कर्मियों एवं संबंधित स्टेकहोल्डरों को उचित प्रशिक्षण देने का निर्देश भी दिया गया।

सिविल सर्जन ने बताया कि दवा सेवन के बाद कुछ लोगों को हल्का मतली (नॉजिया) जैसा लक्षण महसूस हो सकता है, जो सामान्य है और घबराने की आवश्यकता नहीं है।

अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक प्रचार–प्रसार एवं जनजागरूकता चलाने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि 10 फरवरी से अगले 14 दिनों तक घर–घर दवा वितरण किया जाएगा, जबकि उसके बाद तीन दिनों तक आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर बूथ के माध्यम से दवा वितरण किया जाएगा।

जीविका, आशा, पंचायती राज, जन वितरण प्रणाली, बाल विकास परियोजना एवं अन्य विभ. ागों के कर्मियों से अपेक्षित सहयोग सुनिश्चित करने तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भागीदारी लेने का भी निर्देश दिया गया।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर सरकार गंभीर है, ऐसे में एमडीए अभियान को सफल बनाना प्रशासन की प्राथमिकता और सामूहिक जिम्मेदारी है।

बैठक में उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (जिला स्वास्थ्य समिति), जिला वेक्टर बोर्न डिजीज नियंत्रण पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।






## बिहारश्री में 'उमंग' वार्षिकोत्सव की धूम, लोक संस्कृति और आधुनिकता का अद्भुत संगम

प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट। केशववाणी । बिहारशरीफ (नालंदा)। स्थानीय गोरक्षिणी स्थित बिहारश्री विद्यालय में सत्र 2025–26 के वार्षिक वार्षिकोत्सव 'उमंग' का भव्य एवं रंगारंग आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक विषयों पर आधारित विविध प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे परिसर में उत्सव जैसा वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती ऋचा कुमारी द्वारा अतिथियों के परिचय एवं सम्मान के साथ किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार राज्य योजना बोर्ड के सलाहकार श्री विकास वैभव उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में नालंदा की ऐतिहासिक विरासत का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा, अनुशासन और परिश्रम के महत्व से अवगत कराया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर संगठन मंत्री श्री ख्याली राम, डॉ. अभय कुमार सिंह तथा दक्षिण बिहार प्रांत के प्रदेश सचिव श्री प्रदीप कुमार कुशवाहा भी उपस्थित रहे। डॉ. अभय कुमार सिंह ने अनुशासन को सफलता की कुंजी बताते हुए छात्रों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी, जबकि ख्याली राम ने भारतीय संस्कृति एवं स्वदेशी परंपराओं को अपनाने पर जोर दिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों ने 'धरती गगन में होती है', 'हाँ हम बिहारी हैं जी' और 'ब्रज की होली' जैसे मनमोहक नृत्यों के माध्यम से देशभक्ति और लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (।ľ) पर आधारित नुक्कड़ नाटक ने आधुनिक तकनीकी युग की उपयोगिता और चुनौतियों को दर्शाया। वहीं सावित्रीबाई फुले पर आधारित प्रस्तुति ने महिला सशक्तिकरण का प्रभावशाली संदेश दिया। छोटे बच्चों के साथ उनकी माताओं की सहभ. ागिता ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया।

इसके अलावा योग प्रदर्शन और मिथिला की प्रसिद्ध लोक परंपरा 'सामा–चकेवा' की प्रस्तुति ने दर्शकों को भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत से रूबरू कराया, जिसे खूब सराहना मिली।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के कोषाध्यक्ष श्री गिरधर गोपाल मुरारी सिन्हा ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं छात्र–छात्राओं का आभार व्यक्त किया। समारोह का समापन सामूहिक 'वंदे मातरम' गान एवं जलपान वितरण के साथ हुआ।

## केंद्र सरकार द्वारा पेश नई बजट पूरी तरह जनविरोधी है – नरेश प्रसाद अकेला

प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट। केशववाणी । बिहारशरीफ (नालंदा)। नालंदा जिला कांग्रेस के अध्यक्ष नरेश प्रसाद अकेला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर केंद्रीय बजट पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की ।

उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा इस बजट को जनविरोधी बताया । न तो इसमें बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार की कोई ठोस व्यवस्था की गई न ही आम लोगों की आय को दोगुना करने के दिशा में कोई ठोस योजना दिखाई देती है , बढ़ती महंगाई पर काबू पाने के लिए भी इस बजट में कोई प्रभावी उपाय नहीं किए गए हैं । न ही समाज के सबसे अंतिम पायदान पर जीवन यापन करने वाले गरीब , दलित , पिछड़े , मजदूर और किसान वर्ग के विकास का कोई ठोस योजना इस बजट में शामिल नहीं है। सरकार ने जनता से वादा किया था ,उनके अनुरूप बजट में कुछ भी नहीं दिया गया । यह बजट अंग्रेजी शासन के तर्ज पर तैयार किया गया है , इसमें केवल पूंजीपति को लाभ पहुंचाने का काम किया गया है , यह बजट लोक लुभ. ावन योजनाओं का पुलिंदा मात्र है , इसमें न मानवता की चिंता है और नहीं संविधान के मूल भावनाओं का सम्मान । सरकार ने आम जनता की समस्याओं को नजर अंदाज कर देश के भविष्य के साथ खिलबाड़ किया है , उन्होंने कहा की यह बजट देश और प्रदेश की जनता के लिए निराशा जनक है , और इसमें आम लोगों पर आर्थिक बोझ और बढ़ेगा कांग्रेस पार्टी इस जनविरोधी बजट का कड़ा विरोध करती है और जनता की आवाज को सड़क से सदन तक मजबूती से उठाते रहेगी ।







# डीएम कुंदन कुमार ने की फार्मर रजिस्ट्री कार्य की समीक्षा, 41% प्रगति पर जताई चिंता, तेजी लाने के निर्देश

शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट। केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)। बिहारशरीफ (नालंदा)। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में जिले में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री (एफआर) कार्य की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि अब तक जिलेभर में 41 प्रतिशत किसानों का ही फार्मर रजिस्ट्री कार्य पूरा हो सका है। इस धीमी प्रगति पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए जिला कृषि पदाधिकारी को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

डीएम ने निर्देश दिया कि जिन किसानों का रजिस्ट्री कार्य अब तक नहीं हुआ है, उनकी सूची तैयार कर एक–एक किसान की समीक्षा की जाए तथा आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने में उन्हें हरसंभव सहयोग दिया जाए। उन्होंने सीएससी केंद्रों और विशेष कैंपों का नियमित निरीक्षण कर फार्मर रजिस्ट्री की सघन मॉनिटरिंग करने को कहा।

कार्य में गति लाने के लिए टीमों की संख्या बढ़ाने तथा अधिक से अधिक कैंप आयोजित करने का भी निर्देश दिया गया। साथ ही, अपर समाहर्ता को राजस्व से संबंधित लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का आदेश दिया गया।



महाअभियान के तहत किसानों द्वारा परिमार्जन के लिए दिए गए आवेदन पत्रों को ट्रैक कर शीघ्र कार्रवाई करते हुए रजिस्ट्री कार्य पूर्ण कराने पर भी जोर दिया गया। डीएम ने स्पष्ट कहा कि निर्धारित लक्ष्य हर हाल में योजनाबद्ध तरीके से हासिल किया जाए।

बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला कृषि पदाधिकारी, आईटी प्रबंधक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।




# लायंस क्लब ऑफ नालंदा ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, २०० मरीजों का हुआ मुफ्त इलाज

केशववाणी राजगीर (नालंदा) बिहारशरीफ (नालंदा)। मगध हेल्थ केयर, कागजी मोहल्ला बिहारशरीफ में लायंस क्लब ऑफ नालंदा द्वारा हर माह की भांति निरूशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन डॉक्टर विरमनी कुमार के नेतृत्व में किया गया।शिविर में सामान्य रोगों के अलावा डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, थायराइड, लिवर सहित विभिन्न बीमारियों की जांच एवं उपचार की सुविधा मुफ्त में उपलब्ध कराई गई। इस दौरान करीब 200 मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं इलाज किया गया।कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष लायन प्रो. संजय कुमार, सचिव लायन राज रोशन, लायन मनीष कुमार गुप्ता, लायन डॉ. विरमानी प्रसाद, लायन दिवाकर सिंह, जोनल चेयरपर्सन रवि शंकर कुमार गुप्ता, लायन विवेक कुमार, लायन राकेश कुमार बरनवाल, रीजनल चेयरपर्सन रवि किशोर बरनवाल सहित अन्य लायन सदस्य उप. स्थित रहे और शिविर को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।बताया गया कि लायंस क्लब ऑफ नालंदा पिछले चार वर्षों से प्रत्येक माह की 4 तारीख को नियमित रूप से इस तरह का नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करता आ रहा है, जिससे आसपास के गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है।

# राज्यस्तरीय पैरा एथलेटिक्स में रजनीश बना स्वर्ण पदक विजेता, 400 मीटर दौड़ और लंबी कूद में शानदार प्रदर्शन



अनुमंडल संवाददाता, राजगीर, राजीव लोचन की रिपोर्ट। केशववाणी राजगीर (नालंदा)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, राजगीर के छात्र रजनीश कुमार ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर राज्यस्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है।

पूर्णिया के इंदिरा गांधी स्टेडियम रंगभूमि ग्राउंड में आयोजित 26वीं बिहार स्टेट पारा एथलीट चौंपियनशिप 2026 में रजनीश ने 400 मीटर दौड़ को मात्र 1 मिनट 15 सेकंड में पूरा कर पहला स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही 3.4 मीटर लंबी कूद लगाकर भी स्वर्ण पदक हासिल किया।

रजनीश इससे पहले भी कई प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुका है। उसने राज्यव्यापी दिव्यांगजन एथलीट प्रतियोगिता में 100 मीटर एवं 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था। वहीं जूनियर स्टेट पारा एथलेटिक्स चौंपियनशिप 2025 में शॉट पुट, 100 मीटर, 200 मीटर और डिस्क थ्रो में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

आयोजकों ने उसकी प्रतिभा को देखते हुए पाटलिपुत्र खेल परिसर में विशेष प्रशिक्षण देने की घोषणा की है। वर्तमान में रजनीश केंद्रीय विद्यालय, राजगीर में कक्षा सातवीं का छात्र है। मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाले रजनीश ने आर्थिक कठिनाइयों को कभी अपने सपनों के आड़े नहीं आने दिया और अपने मनोबल के बल पर जिला एवं राज्य स्तर पर लगातार सफलता हासिल की है।

विद्यालय के प्राचार्य विवेक किशोर ने रजनीश की उप. लब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि उसकी सफलता पूरे विद्यालय के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।




## नालंदा की विरासत

# राजगीर के जंगल में है जड़ी–बूटियों की है भरमार : आधुनिकता में खत्म हो रहे जैव संसाधन

**राजगीर का जंगल –** कई रोगों के उपचार में कारगर है यहां जड़ी–बूटी

*अनुमंडल संवाददाता, राजगीर राजीव लोचन की रिपोर्ट। केशववाणी*

राजगीर (नालंदा)– आधुनिकता व विकास के दौर में हमारी अमूल्य धरोहर प्राकृतिक संपदा जैव संसाधन धीरे–धीरे खत्म होते जा रहे हैं। यहां की पंच पहाड़ियां काफी पुरानी है। यह कई ऐतिहासिकता को भी अपने–आप में समेटे हुए है। यह भगवान बुद्ध और भगवान महावीर की नगरी भी रही है। यह राजाओं की राजधानी भी रही है। पहाड़ पर कई बड़े–बड़े तालाब व गुफाएं हैं जो इसकी ऐतिहासिकता को दर्शाती है।

यहां के जंगल में कई तरह की जड़ी–बूटियों की भरमार है। इसी जड़ी बूटी से राजा बिम्बिसार के समय कभी भगवान बुद्ध के घाव को जीवक वैद्य ने ठीक किया था।

राजा बिम्बिसार को जब असाध्य रोग भगन्दर(खूनी बबासीर) हुआ था तो वैद्य जीवक ने उनका इलाज किया था। वहीं कहा जाता है कि उस समय अवंतिका का राजा चंद प्रदोत्य जो काफी क्रोध वाला था। वह पाण्डु रोग से पीड़ित



*था। उसने दवा खाने से इंकार किया था और वैद्य जीवक पर हाथी छोड़ दिया था। उसे वैद्य जीवक ने उसके पुस्तक में जड़ी–बूटी से बनीदवा का लेप लगाकर दिया और वह जैसे–जैसे किताब पढ़ता गया, पन्ना अपने हाथों से जीभ को लगाकर उलटता गया उसे दवा का असर हुआ और वह ठीक हो गया। ऐसे कई किस्से हैं जो यहां के जड़ी–बूटियों के होने के प्रमाण देते हैं।*

शहर के मेन बाजार में स्थित जड़ी–बूटी की दीप लाल जी की दुकान में आज भी जंगल से जोही गयी जड़ी–बूटी मिलती है। इसके जानकार उपेन्द्र कुमार उर्फ मुन्नू जी बताते हैं कि उनके पूर्वज सालों से कई पीढ़ियों से इस काम को करते आ रहे हैं। वे भी इसमें लगे हैं। सदियों से हमारे इस जंगल में बेशकीमती जड़ी–बूटी है। यह हमारी प्राचीन धरोहर है। वे जड़ी–बूटी से उपचार भी करते हैं और लोगों को बीमारी होने पर मुफ्त सलाह भी देते हैं।

### *सुगर, ब्लड प्रेशर सहित अन्य रोगों में कारगर है यहां की जड़ी–बूटी*

*जड़ी–बूटी के जानकारी उपेन्द्र कुमार उर्फ मुन्नू जी बताते हैं यहां के जंगलों में गुलमार, अश्वगंधा, सतावरी, गिलोय, सरपोका, गोरखमुंडी, कालमेग, बहेड़ा, आंवला, हरीतकी(हरे), कटिला, खैर, अनंत मूल, नीम छाल, अर्जुन छाल(कहुआ), काउजबीज(कुकुअत), ब्राह्मी बूटी, शंखपुष्पी, मरोरफली, करंज बीज, सफेद मसूली सहित सैंकड़ों तरह की जड़ी–बूटी पायी जाती है। यहां पर आयुर्वेद कॉलेज खोलकर यदि इन पर शोध किया जाय तो इससे दवाएं बनायी जायेगी और असाध्य से असाध्य रोगों का इलाज हो सकेगा। वहीं बिहार के छात्रों को आयुर्वेद पढ़ने और अपनी प्रकृति को जानने का मौका मिलेगा। उपेन्द्र कुमार उर्फ मुन्नू जी ने बताया कि जंगल से लोग जड़ी–बूटी चुनकर लाते हैं या उन्हें खुद भी जाकर इसे खोजना पड़ता है। यहां से जड़ी–बूटी पटना के मंडी में भी जाती है।*

***इन रोगों में करते हैं ये काम***

***गुड़मार – सुगर***
***अश्वगंधा – इम्यूनिटी बढ़ाना, ब्रेन टॉनिक***
***सतावरी – पौष्टिक***
***गिलोय – इम्यूनिटी बढ़ाना***
***सरपोका व गोरखमुंडी – लीवर***
***कालमेग – मलेरिया बुखार***
***अनंत मूल – खून साफ***
***अर्जुन छाल( कहुआ) – ह्रदय रोग, ब्लड प्रेशर***
***काउज बीज (कुकुअत) – वीर्यवर्द्धक***
***ब्राह्मबूटी – स्मरण शक्ति बर्द्धक***
***शंखपुष्पी – अनिद्रा नाशक***
***मरोर फली – स्त्री रोग नाशक***
***करंजी बीज – फलेरिया में***
***सफेद मूसली – धातु पौष्टिक***

# बिजली विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट चार घायल, पुलिस ने कराया मामला शांत

संवाददाता केशववाणी । कतरीसराय (नालंदा)। कतरीसराय थाना क्षेत्र के कटौना गांव में बिजली आपूर्ति को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए पावापुरी स्थित भगवान महावीर विज्ञान संस्थान अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।



घायलों की पहचान कारू रविदास (45 वर्ष), ओमप्रकाश (16 वर्ष), रामाश्रय रविदास (25 वर्ष) एवं बबलू रविदास (36 वर्ष) के रूप में हुई है। सभी कटौना गांव के निवासी हैं।

घायल बबलू रविदास ने आरोप लगाया कि गांव में बिजली आपूर्ति को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। उनका कहना है कि रात के समय बिजली काट दिए जाने से बच्चों की पढ़ाई और घरेलू कार्यों में परेशानी होती है। उन्होंने बताया कि उनके घर के लिए अलग ट्रांसफार्मर होने के बावजूद बिजली बाधित की जाती है। मना करने पर पहले धमकी दी गई और बाद में 3 फरवरी की रात बैठक के दौरान मारपीट की गई।

घायलों ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने लाठी, रॉड, पत्थर और ईंट से हमला किया। उनके अनुसार इस घटना में 25 से 30 लोग शामिल थे।

मामले में कतरीसराय थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने दूरभाष पर बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम गांव पहुंची और दोनों पक्षों को समझा–बुझाकर स्थिति को शांत कराया। उन्होंने कहा कि यह विवाद बिजली उपयोग को लेकर हुआ है। दोनों पक्ष एक–दूसरे के ट्रांसफार्मर से बिजली लेते हैं, जिससे अक्सर तनाव की स्थिति बन जाती है।

पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है।




# पूर्व विधान पार्षद स्व. अवध कुमार सिंह की 8वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

रानी सिन्हा की रिपोर्ट केशववाणी । नालंदा। पूर्व विधान पार्षद स्वर्गीय अवध कुमार सिंह की 8वीं पुण्यतिथि बुधवार को उनके पैतृक गांव बहादुर बिगहा में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर स्थानीय लोगों एवं समर्थकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और समाज के प्रति उनके योगदान को याद किया।

अकौना पंचायत के मुखिया अभय सिंह ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्व. अवध कुमार सिंह अपनी कार्यकुशलता, निर्णय क्षमता, ईमानदारी और फक्कड़ स्वभाव के कारण हमेशा ग्रामीण राजनीति के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे। उन्होंने कहा कि वे जीवनभर गांव के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों के अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहे। एक प्रखर वक्ता के रूप में उन्होंने समाज को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मुखिया अभय सिंह ने कहा कि स्व. सिंह के अधूरे सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर मंटू सिंह, बबलू सिंह, सरपंच हीरालाल प्रसाद, रामवृक्ष सिंह, उपेंद्र कुमार आर्या, अनिमेष सिंह, विनोद सिंह, जितेंद्र कुमार, रजनीश सिंह, रामविलास सिंह सहित आसपास के सैकड़ों ग्रामीणों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# हरनौत पुलिस की बड़ी कार्रवाई : खंधे से भारी मात्रा में अंग्रेजी व देशी शराब बरामद, एक निरुद्ध

सुनील कुमार की रिपोट 'केशववाणी | हरनौत (नालंदा)। बिहार में शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए नालंदा पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में हरनौत थाना पुलिस ने बुधवार को बड़ी सफलता हासिल करते हुए अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया।



थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर मुकेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर रूपसपुर गांव स्थित एक खंधे में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की।

पुलिस के अनुसार, मौके से 19 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई, जिसमें 180 एमएल की 79 बोतलें और 375 एमएल की 15 बोतलें शामिल हैं। इसके अलावा करीब 35 लीटर देशी चुलैया शराब भी बरामद की गई।मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक किशोर को निरुद्ध किया है।

थानाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि इस शराब तस्करी नेटवर्क में शामिल अन्य कारोबारियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शराबबंदी कानून के उल्लंघन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# हरनौत नगर पंचायत वार्ड १२ के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह ने ली जदयू की सदस्यता, संगठन मजबूत करने का लिया संकल्प

राकेश पासवान की रिपोर्ट केशववाणी | हरनौत (नालंदा)। हरनौत नगर पंचायत के वार्ड संख्या 12 के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह ने बुधवार को जनता दल (यूनाइटेड) की सदस्यता ग्रहण कर औपचारिक रूप से पार्टी का दामन थाम लिया। पटना स्थित जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित सदस्यता कार्यक्रम के दौरान जदयू तकनीकी एवं श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर रामचरित्र प्रसाद ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई।



इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों ने संतोष कुमार सिंह का स्वागत करते हुए उन्हें संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। सदस्यता ग्रहण करने के बाद संतोष कुमार सिंह ने कहा कि वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विकासपरक नीतियों, सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर जदयू से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि हरनौत क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने के लिए वे पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर रामचरित्र प्रसाद ने कहा कि नए और सक्रिय कार्यकर्ताओं के जुड़ने से पार्टी संगठन को मजबूती मिलती है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह प्रखंड हरनौत में जदयू का जनाधार लगातार बढ़ रहा है और ऐसे समर्पित जनप्रतिनिधियों के शामिल होने से पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि पूरे बिहार में चल रहे सदस्यता अभियान को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं।कार्यक्रम के दौरान जदयू के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। सभी ने संतोष कुमार सिंह के उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की।



# नूरसराय में दर्दनाक सड़क हादसा : तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गड्ढे में पलटी, चालक की मौके पर मौत, चार घायल

रानी सिन्हा की रिपोर्ट, केशववाणी । राजगीर (नालंदा)। नूरसराय (नालंदा)। नूरसराय थाना क्षेत्र में मंगलवार की देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कॉर्पियो चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वाहन में सवार चार अन्य लोग घायल हो गए। घटना से इलाके में अफरा–तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, बिहारशरीफ–परवलपुर मार्ग पर नूरसराय थाना क्षेत्र के नारी गांव के समीप दहपर की ओर तेज गति से जा रही स्कॉर्पियो अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसा इतना गंभीर था कि चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दुर्घटनाग्रस्त वाहन से चार अन्य घायलों को बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी। स्थानीय थाना पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए मॉडल अस्पताल, बिहारशरीफ भेजा।



थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि वाहन में चालक सहित कुल पांच लोग सवार थे। मृतक चालक की पहचान नूरसराय के मकनपुर गांव निवासी सुखदेव यादव के 21 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार के रूप में की गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है।













